भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 4220
20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स मदुरै की स्थापना

4220. डॉ. रानी श्रीकुमार:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा मदुरै में एम्स की स्थापना के लिए अवसंरचना विकास और आधुनिकीकरण के लिए किए गए प्रावधान सहित आबंटित निधियों का ब्यौरा क्या है और आज की तिथि तक उनके उपयोग का विशिष्ट ब्यौरा क्या है;

(ख) एम्स, मदुरै के निर्माण पर अब तक कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है/उपयोग की गई है और उक्त परियोजना को पूरा करने की अनुमानित समय-सीमा क्या है; और

(ग) विशेष रूप से वर्तमान में समर्पित परिसर की व्यवस्था नहीं होने और रामनाथपुरम के सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल में अंतरिम व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं कि एम्स, मदुरै के छात्रों को अन्य एम्स संस्थानों के समान सुविधाएं प्रदान की जाएं?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत 2021.51 करोड़ रुपए की कुल परियोजना लागत से एम्स, मदुरै की स्थापना की जा रही है। आदिनांक एम्स, मदुरै के निर्माण के लिए 176.89 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। परियोजना को पूरा करने की लक्षित तिथि अक्टूबर, 2026 है।

वर्तमान में, एम्स मदुरै में कुल 198 छात्र एमबीबीएस पाठ्यक्रम में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। छात्रों को स्मार्ट क्लासरूम, भोजनालय सुविधा के साथ छात्रावास, पुस्तकालय, कौशल प्रयोगशाला, कैंटीन, खेल सुविधाएं, वाई-फाई आदि सहित पर्याप्त अवसंरचना प्रदान की गई है। आयुर्विज्ञान एम्स, मदुरै के विद्यार्थियों को थोपुर क्षयरोग अस्पताल और मदुरै के वलायनकुलम और थिरूमंगलम गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा रामनाथपुरम के सरकारी मेडिकल कॉलेज में ओपीडी और आईपीडी का क्लिनिकल अनुभव प्रदान किया जाता है।

****